






# कहीं चेंबर गायब तो कहीं गड्ढे

## स्मार्ट सिटी ने तीन वर्ष पूर्व बनाई थी स्मार्ट रोड, लोकार्पण के बाद भी शेष कार्य आज दिनांक तक अपूर्ण

**नवभारत न्यूज**

**सागर 11 नवम्बर. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी की मुख्य मार्गों पर कहीं चेंबर गायब हैं तो कहीं स्मार्ट रोड पर सड़क पर गड्ढे हो गए हैं. स्मार्ट सिटी और नगर निगम दोनों ही इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं.**

सिविल लाइन चौराहा से तिली तिराहा तक स्मार्ट सिटी द्वारा बनाई गई एसआर-2 पर लाखों रुपए खर्च कर दिए गए और सड़क का लोकार्पण भी करा दिया गया मगर आज दिनांक तक शेष कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं. जिसमें अंडरग्राउंड बिजली की लाइनें आज दिनांक तक डल सकी हैं. तो वहीं सड़क निर्माण के दौरान सामने आयी



कमियों को नजर अंदाज कर देने के कारण तीन वर्ष में ही सड़क पर ही जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं तो उन गड्ढों को भरने के लिए डामर की लीपापोती कर दी गई है.

सिविल लाइन चौराहे के समीप स्थित एक होटल के किनारे बने पाथ-वे के पास ही नाली का एक चेंबर कई दिनों से टूटा पड़ा है. दुकानदारों ने खुले चेंबर के ऊपर पत्थर तो रख दिए हैं मगर फिर भी चेंबर इतना खुला है कि दो पहिया और चार पहिया वाहन दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं.

तो वहीं उपरोक्त मार्ग पर ही वन विभाग कार्यालय के सामने धसान केन ऑफिस से सटी परमानंद कॉलोनी को जाने वाली रोड पर एक गहरा गड्ढा हो गया है जो कि कई दिनों से खुला पड़ा है. संबंधित विभागों को सूचित भी कर दिया है मगर आसपास के लोगों द्वारा ही उस पर सुरक्षा की दृष्टि से खतरे का निशान रुपी लाल झंडा लगा दिया है.

उपरोक्त मार्ग पर ही बने पाथ-वे पर लगे पेवर ब्लॉग अंदर धस गए हैं तो कहीं-कहीं डक्ट निकल आयी है मगर स्मार्ट सिटी के द्वारा उपरोक्त कार्यों को कराने में कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है. तो वहीं नगर निगम के जनप्रतिनिधियों भी उदासीन बने है. जबकि दोनों विभागों को आपसी सामंजस्य बिठाकर ऐसे छोटे कार्यों को कराना चाहिए.

## आकाश बने जपं सीओ



**रहली.** एमपीपीएससी के घोषित परीक्षा परिणाम में चांदपुर के आकाश जैन ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर सफलता प्राप्त की है. ग्राम चांदपुर निवासी राजेन्द्र जैन के पुत्र आकाश ने प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल से प्राप्त की और वर्ष 2009 में हाईस्कूल परीक्षा ग्राम चांदपुर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल से करने पश्चात हायर सेकेंडरी परीक्षा शासकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सागर से पूर्ण की. कुछ पारिवारिक आर्थिक परिस्थितियों के कारण मुझे लगभग आठ वर्षों तक अपनी पढ़ाई में विराम लेना पड़ा. वर्ष 2018 में पुन: स्नातक में प्रवेश लिया. वर्ष 2020 से लगातार प्री परीक्षा उत्तीर्ण की. 2021 से निरंतर मुख्य परीक्षा में सफलता प्राप्त की है.

# सिविल लाइन से शुरू यूनिटी मार्च 9 किमी का सफर पूर्ण कर सदर में हुई समाप्त

**नवभारत न्यूज**

**सागर 11 नवम्बर. लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया.**

विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि आज भारत जिस एकता और अखंडता के अद्भुत स्वरूप में विश्व के सामने खड़ा है, उसका श्रेय लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को जाता है. जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा सरदार पटेल का जीवन कर्तव्य, सेवा और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है. सांसद एवं प्रदेश महामंत्री डॉ.लता वानखेड़े ने कहा कि यह एकता यात्रा निकाली जा रही है, जो भारत की अखंडता और एकता को समर्पित एक यज्ञ है.



महापौर संगीता तिवारी ने सभी को स्वदेशी संकल्प दिलाया. सिविल लाईन स्थित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा से प्रारंभ हुए 9 किलोमीटर के इस यूनिटी मार्च का नगरवासियों सामाजिक संगठनों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया. यूनिटी मार्च के समापन स्थल सदर स्थित सशिमं पहुंचने पर आयोजन टोली के सहसंयोजक नितिन सोनी, राहुल वैध ने स्वागत किया. भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कार्यक्रम में निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, नारायण कबीरपंथी, जगनाथ गुरैया, लक्ष्मण सिंह, रामेश्वर नामदेव, चैन सिंह ठाकुर, निकेश गुप्ता, सुषमा यादव, देवेंद्र कटारे, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती संध्या भार्गव, डॉ.अनिल तिवारी, हरिराम सिंह, सर्वजीत सिंह, तृप्ति सिंह, अर्पित पांडे, अमित बैसाखिया, मनीष चौबे, नीरज यादव, नीलम अहिरवार, विक्रम सोनी, रीतेश तिवारी, आशुतोष बजाज, प्रमिला मौर्य, कविता लरिया, नेहा जैन, सतीश जैन, बबलू कमानी मौजूद थे.

## एक नजर में



### स्कूली शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर चर्चा

**सागर.** नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से मुलाकात कर कर्रापुर और मकरोनिया में स्वीकृत संदीपनी विद्यालय के क्रियान्वयन, स्कूलों के उन्नयन और विभिन्न विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष स्वीकृत कराने के लिए मांग-पत्र प्रस्तुत कर अनुरोध किया. शासकीय माध्यमिक शाला साईंखेड़ा, सड़ेरी, देवरी और ढाना को हाईस्कूल में उन्नयन कराने एवं शासकीय हाईस्कूल पड़रिया, मेनपानी, कनेरा नीखर को हायर सेकेंडरी में उन्नयन कराने का अनुरोध किया.



### रक्तदान एवं स्वास्थ्य जागरुकता शिविर

**सागर.** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती मनीषा विनय मिश्रा ने कहा कि रक्तदान महादान है, जो किसी के जीवन को बचाने में काम आता है. पूर्व छात्रा संघ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय के तत्वाधान में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में फार्मेसी संघ के सदस्य डॉ. ज्योति चौहान, डॉ. स्मिता दुबे, डॉ. निधि जैन, डॉ. जागृति नागर, डॉ. अलका द्वारा रोल प्ले के माध्यम से वर्तमान में ज्वलंत समस्या सरवाईकल कैसंर से बचाव एवं सावधानियों को रेखांकित किया गया. प्राचार्य डॉ. अनंद तिवारी ने स्वागत भाषण दिया. आयोजक डॉ. पद्मा आचार्य ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई. संचालन डॉ. अर्चना मिश्रा द्वारा किया गया. शिविर में श्रीमती मिश्रा के साथ-साथ छात्राओं ने सानिया पटेल, सवा खान, मुस्कान सोनी, पूर्वा पटेल, मोना अहिरवार, सुनीता वाल्मीकी, हरिओम रैकवार द्वारा रक्तदान किया.



### डीआईजी ने आरक्षक को सम्मानित किया

**सागर.** पुलिस आरक्षक देवेंद्र सुमन जो वर्तमान में यातायात थाना में पदस्थ हैं. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) पद के लिए चयनित हुए हैं. पुलिस महानिरीक्षक, शशिंद्र चौहान द्वारा पुलिस कार्यालय में आरक्षक देवेंद्र का सम्मान किया. इस अवसर पर स्टेनो श्रीमती सुषमा सिंह, उपस्थित रहीं.



### भैंसा आंगनवाड़ी में बाल चौपाल आयोजित

**सागर.** बाल चौपाल का आयोजन सेक्टर राजाखेड़ी आंगनवाड़ी केंद्र भैंसा पहाड़ी-2 कार्यकर्ता प्रीति कोरी, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से अंशिका शर्मा अपर्णा, पर्यवेक्षक पूनम कबीरपंथी, परियोजना अधिकारी विजय कुमार जैन उपस्थित रहे. इस अवसर पर बच्चों एवं महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगताओं का आयोजन कर पुरस्कार वितरण किए गए.

### मुनि संघ का खिमलासा की ओर विहार

**सागर.** मुनिश्री विमल सागर महाराज और मुनिश्री अनंत सागर महाराज का 11 नवंबर को दोपहर में नेहानगर जैन मंदिर मकरोनिया से खिमलासा के लिए हो गया. मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया कि सागर में मुनि संघ का 27 वां वर्षायोग चातुर्मास संपन्न हुआ, पूरे चातुर्मास में 4 सिद्धचक्र विधान और एक 720 समोशरण विधान का आयोजन हुआ.

# भवन स्वामियों से वसूला जायेगा व्यावसायिक टैक्स

**नवभारत न्यूज**

**सागर 11 नवम्बर. नगर निगम क्षेत्र में किराए के भवनों में संचालित सभी प्राइवेट स्कूलों के भवन स्वामियों से व्यावसायिक टैक्स लिया जाएगा. यह निर्देश निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने निरीक्षण के दौरान दिए.**

उन्होंने राजस्व अधिकारी से कहा कि नगर निगम क्षेत्र में संचालित सभी प्राइवेट स्कूलों की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी एवं बीआरसी को पत्र लिखें और जानकारी प्राप्त होने के तत्काल बाद ही जिन भवनों में जितने समय से प्राइवेट स्कूल संचालित हो रही हैं उस अवधि का संबंधित भवनस्वामी से व्यवसायिक टैक्स लिया जाए. निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने फायर शाखा प्रभारी शईदउद्दीन कुरैशी को निर्देश दिए कि जिन प्राइवेट स्कूलों में सुरक्षा के इंतजाम नहीं है तथा जिनके द्वारा फायर एनओसी नहीं ली गई है उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई करें.

# बिलहरा में विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**

**राहतगढ़ 11 नवम्बर. सुरखी विस क्षेत्र इतना साधन संपन्न सुविधा संपन्न हो कि आज एक डिप्टी कलेक्टर बच्चा निकला है, आने वाले समय में यहां से कोई बच्चे कलेक्टर, एसपी और बड़े-बड़े पदों पर पहुंचे.**

यह बात खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने नगर परिषद बिलहरा में आयोजित 25 करोड़ के विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण के अवसर पर कही. मंत्री श्री राजपूत ने राज्य सेवा परीक्षा 2023 में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त कर डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित



हुए ग्राम खमकुआ निवासी यशपाल स्वर्णकार का सम्मान करते हुए राहतगढ़ के डीएसपी पद पर चयनित विवेक अग्रवाल को शुभकामनाएं दी. बिलहरा में मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि यह स्टेडियम हमारी युवाओं के लिए उनके सपने साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा. इस अवसर पर संतोष पटेल, नगर परिषद् अध्यक्ष श्रीमति कमलेश चढ़ार, जितेंद्र सिंह, साहब सिंह, सरमन सिंह, रवि ठाकुर, अशोक मिश्रा, मूरत सिंह राजपूत, पार्षद कमलेश रावत, अभिलाषा चौबे, श्रीमति भावना चौबे, रमेश खटीक, राघव कुसुमगढ़, गौरव गर्ग, घनश्याम तंतुवाय आदि मौजूद थे.

## बुजुर्ग की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**सागर.** विनायका थाना अंतर्गत ग्राम खजरा में बुर्जुग की हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों फरियादी भानू खंगार निवासी कोटरा अपने पिता धन सिंह खंगार के साथ बोवनी मशीन लेने खजरा गया था. जहां पर आरोपी तेज सिंह गौड़ द्वारा शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग धन सिंह से की तो न देने पर आरोपी तेज सिंह ने धन सिंह के सिर पर कुल्हाड़ी मार दी जिसमें गंभीर रुप से घायल तेज सिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई थी.

# चैनपुरा में जलाशय निर्माण को लेकर ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**सागर 11 नवम्बर. जैसीनगर ब्लाक अंतर्गत ग्राम चैनपुरा में जल संसाधन विभाग द्वारा सर्वेक्षण कर टेंडर लगाया गया था लेकिन सरपंच मंगल सिंह और उनके परिजनों द्वारा जलाशय निर्माण का विरोध किया गया था.**

जानकारी के अनुसार आज ग्राम चैनपुरा वासियों सहित ग्राम सेमाढ़ाना, सत्ताढ़ाना, सरखड़ी एवं परगासपुरा के ग्रामवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि गांव में जलाशय का निर्माण कराया जाए.



ज्ञापन में कहा गया कि चैनपुरा जलाशय के निर्माण कार्य में कतिपय लोग अवरोध पैदा कर रहे हैं जिसे स्वीकार न किया जावे. दरअसल चैनपुरा जलाशय के सर्वेक्षण कार्य हेतु टेंडर लगाया गया था, सर्वेक्षण कार्य भी विभागीय अधिकारियों की मदद से पूर्ण कर लिया गया है. सरपंच एवं उनके परिजन आदि मिलकर चैनपुरा जलाशय के निर्माण का विरोध कर रहे हैं. ज्ञापन सौंपने वालों में परगासपुरा सरपंच तखत सींग, सरखड़ी सरपंच सुरेन्द्र सिंह बुंदेला, सेमाढ़ाना सरपंच प्रशांत सिंह, उपसरपंच सत्ताढ़ाना कोमल सिंह, पूर्व जनपद सदस्य अभय सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सनिल सिंह आदि मौजूद थे.

## फोरलेन पर लूट करने वाले आरोपी पकड़े गए

**सागर.** एनएच-44 पर सिविल लाइन निवासी युवक के साथ लूटपाट करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी परम दांगी निवासी सिमरिया खुर्द ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि फोरलेन कट पर एक स्कूटी चालक सहित चार व्यक्तियों द्वारा उसे व उसके भाई को रोककर मारपीट की और मोबाइल सहित जरुरी बैंकिंग दस्तावेज के साथ 6500 रुपए नगद लूट लिए थे. पुलिस ने बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में ले लिया है.

# कंटेनर चालकों से हुई मारपीट

**नवभारत न्यूज**

**सागर 11 नवम्बर. देवरी क्षेत्र में नेशनल हाईवे-44 पर एक होटल के बाहर चाय पीने के दौरान कहासुनी के बाद कुछ युवकों ने कंटेनर चालकों पर हमला कर दिया और फायरिंग भी की.**

जानकारी के अनुसार देवरी के सिलारी तिराहे के पास स्थित एक होटल के बाहर की है, देर रात कुछ युवक अलाव ताप रहे थे, तभी दिल्ली से रायपुर की ओर जा रहे कंटेनर चालक वहां रुके और चाय पीने लगे. इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई. देखते ही देखते विवाद बढ़ा और युवकों ने कंटेनर चालकों गणेश (धौलपुर निवासी), बृजकिशोर ठाकुर (उत्तर प्रदेश निवासी) और अमित ठाकुर (धौलपुर निवासी) के साथ जमकर मारपीट कर दी. आरोप है कि इस दौरान फायरिंग भी की गई. सूचना मिलते ही देवरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल तीनों ड्राइवरों को अस्पताल भिजवाया. देवरी थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि कंटेनर चालकों की शिकायत पर छह नामजद आरोपियों हर्ष यादव, नमन मिश्रा, आदित्य, राज, कपिल सोनी और आलोक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है.

# दल बदल कानून के दायरे से नहीं बच सकतीं बीना विधायक

**नवभारत न्यूज**

**बीना 11 नवम्बर. दल बदल कानून के तहत विधायक घिर चुकी है, अपने बचाव के लिए कुछ भी कहें वह कानून के दायरे से बच नहीं सकती. उनकी लड़ाई कांग्रेस से नहीं अपितु उन मतदाताओं से है जिन्होंने उन्हें कांग्रेस के रूप में स्वीकार किया था किंतु जिस तरह से मतदाताओं के साथ धोखा किया उससे वह कभी बच नहीं सकती.**

यह बात पत्रकारवार्ता में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता प्रदीप राय ने कही. उन्होने कहा कि उन्होंने बताया कि जिस तरह से जबलपुर न्यायालय गंभीरता से सुन रहा है शीघ्र निर्णय होगा यदि ऐसा नहीं होता तो जनता का विश्वास न्यायालय पर से उठ जाएगा. श्री राय ने कहा कि वह किस तरह की बात कर रही है, वह कांग्रेस के मैंडेट से चुनाव लड़ी और फिर मुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा का पट्टा डालकर लोगों का अभिवादन किया. अपने कार्यालय में भाजपा का झंडा क्यों ?लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रचार क्यों? अपने कार्यालय का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष से क्यों? एक नाव पर चलकर दो किनारे एक साथ तय नहीं कर पाएंगे किनारा तू आपको एक ही लेना पड़ेगा. दरअसल विधायक निर्मला सप्रे के खिलाफ दल-बदल कानून के तहत दायर याचिका की सुनवाई जबलपुर हाईकोर्ट में जारी है. मामले में विस अध्यक्ष, विधायक को नोटिस जारी किए गए हैं.

## एसआईआर को लेकर कांग्रेस हुई सक्रिय

**ललितपुर.** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक नगर अध्यक्ष रामनरेश दुबे के आवास पर संपन्न हुई. जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर को देखते हुए हुए सभी ब्लाक अध्यक्षों व प्रकोष्ठ के अध्यक्षों को प्रत्येक बूथ पर बीएलए की नियुक्ति तुरंत करने को कहा. उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आपने आपने बूथ कमेटी गठित करने के लिए एक सप्ताह के भीतर कमेटी बना कर प्रभारियों को देने को कहा. पवन विश्वकर्मा को बार ब्लॉक का प्रभारी बनया गया, जिस से शीघ्र ही वहा पर बूथ व बीएलए की नियुक्ति की जा सके. महरौनी विस का प्रभारी लक्ष्मी नारायण पटैरिया को बनाया गया है. संचालन नगर अध्यक्ष रामनरेश दुबे ने किया.

# व्यापारी के अपहरण में शामिल बदमाश पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**ललितपुर 11 नवम्बर. थाना नाराहट क्षेत्र में व्यापारी को दुकान छोड़ने का झांसा देकर अपहरण करने का प्रयास करने, तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था.**

प्रकरण में वांछित चल रहे एक अन्य आरोपी को पुलिस ने पकडने में सफलता हांसिल की है. नाराहट पुलिस ने दर्ज मामला के मामले में निवाड़ी अंतर्गत थाना पृथ्वीपुर के मोहल्ला नाले की बस्ती निवासी कल्लू आदिवासी पुत्र बाबूलाल को हिरासत में लिया है. पुलिस द्वारा बताया जा रहा है कि घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों व मौके का गहनता से निरीक्षण उपरांत सभी टेक्निकली और मैन्यूअल साक्ष्यों के आधार पर चार टीमों का गठन कर जांच की गयी थी. प्रकरण के पटाक्षेप को लेकर अलग-अलग थानों, चौकियों की पुलिस फोर्स के अलावा सर्विलांस और स्वाट टीम भी जुटी हुयी थी. जल्द खुलासे को लेकर पुलिस ने ललितपुर, टीकमगढ़, सागर, छतरपुर, ओरछा/निवाड़ी व जनपद झांसी के करीब 300 कि.मी. के दायरे में लगभग 500 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, जिससे संदिग्धों की पहचान करायी गयी. पुलिस के अनुसार अजय, राज व मोनू को इसी प्रकरण को लेकर पूर्व में पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार किया गया था.

## रेलवे स्टेशन पर चलाया गया सघन चैकिंग अभियान

**ललितपुर.** राजधानी दिल्ली कार ब्लास्ट होने के बाद यूपी समेत कई राज्यों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है. इसके मद्देनजर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड के अलावा भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर पहुंच कर गहनता से जांच-पड़ताल की. लेकिन प्रशासन व पुलिस महकमे के अचानक चले इस अभियान से कयास पुख्ता हो रहे थे कि दिल्ली कार धमाके के बाद हाई अलर्ट के चलते जांच-पड़ताल की जा रही है. गौरतलब है कि दिल्ली में लाल किले के पास चलती कार में हुये धमाके के बाद से तमाम चर्चाओं का बाजार तेजी से गर्म हो उठा, ऐतिहातन भारत के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश समेत कई महत्वपूर्ण राज्यों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया.

**विश्व शिक्षा दिवस** | अग्रणी महाविद्यालय में जागरुकता एवं साक्षारता शिविर का आयोजन

# घूमने फिरने की पोस्ट सोशल मीडिया पर अपलोड कर चोरों को आमंत्रण

**नवभारत न्यूज**

**सागर 11 नवम्बर. दीनदयाल उपाध्याय, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन विश्व शिक्षा दिवस पर आयोजित किया गया.**

जिला न्यायाधीश अंकित श्रीवास्तव ने कहा कि आपके द्वारा कोई सोशल मीडिया पर



ऐसा पोस्ट जिससे समाज में आंदोलन अथवा दंगों की संभावना रहती है तब आप कानून के शिकंजे में फस जायेंगे. बताया कि जब आप सोशल मीडिया पर अपने घूमने फिरने का पोस्ट कर रहे हैं तब आप अनजाने में चोरो को आमंत्रित कर रहे होते हैं. पॉक्सो एक्ट के संबंध में आपने बताया कि 18 वर्ष से कम में यदि संबंध सहमति से बनाये जाते हैं तब भी वह अपराध की श्रेणी में आते हैं साथ ही यदि अपराध करते समय आप नाबालिग है और बाद में आप बालिग हो जाते हैं तो भी आप पर पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया जायेगा क्योंकि डेट ऑफ क्राइम से अपराध की गणना की जाती है.

इस दौरान प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने कहा कि कानून के विषय में आपके पास जानकारी नहीं है तब कानून के क्षेत्र में आप असाक्षर हैं. विधिक सहायता केन्द्र की जानकारी वर्तमान समय में सभी विद्यार्थियों को होनी चाहिए. न्यायाधीशों से विद्यार्थियों ने कानून के संबंध में प्रश्न किये जिसका समाधानपरक उत्तर विद्यार्थियों को दिये गये. कार्यक्रम का संचालन डॉ अमर कुमार जैन, प्राध्यापक-वाणिज्य एवं आभार डॉ संगीता मुखर्जी प्राध्यापक-राजनीतिशास्त्र द्वारा माना गया.

## एथलेटिक्स लीग 21 को

**सागर.** अस्मिता एथलेटिक्स लीग 2025-26 का आयोजन 21 नवम्बर को खेल परिसर मैदान में आयोजित की जाएगी. जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की सचिव संगीता सिंह भदौरिया के द्वारा बताया गया कि महिला लीग में अंडर 14 एवं अंडर 16 आयु वर्ग की बालिकाएं भाग लेंगी. ट्राईथलन ए अंडर 14 आयु वर्ग में ए -60 मीटर दौड़, लंबी कूद एवं ऊँची कूद. ट्राईथलन बी में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद और बैक थ्रो, एक किला भार का गोला अपने दोनों हाथों से अपने सिर के ऊपर से पीछे की ओर फेंका जाएगा. ट्राईथलन सी में 60 मीटर दौड़, लांग जंप और 600 मीटर दौड़. 16 आयु वर्ग में 60 मीटर दौड़, लांग जम्प होगी.